**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to set up ethanol plant in Gondiya, Maharashtra.

**श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र भन्डारा-गोंदिया की ओर आकर्षित करना चाहूँगा । सरकार के माध्यम से जहाँ बीपीसीएल की ओर से धान के अवशेषों, जिसको राइस स्ट्रॉ कहते हैं, उससे बायो-इथेनॉल प्लांट लगाने की बात कही गयी थी । जिसके लिए जुलाई महीने में ही 74 हैक्टेयर जमीन आबंटित की गई थी । वहाँ 1,500 करोड़ रुपये की लागत से इसे बनाया जाना था और इससे 15 हजार युवाओं को रोजगार देने की बात कही गई थी ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से दरख्वास्त करना चाहता हूँ कि वह इस प्लांट का शुभारम्भ जल्द से जल्द करे । इस प्लांट को एक साल के अंदर चालू करने की बात कही गई थी । इस प्लांट को चालू करने के बाद इस गाँव, शहर और दोनों जिलों, जहाँ भारी मात्रा में राइस पैदा होता है, उसके माध्यम से किसानों को मुआवजा मिलेगा, उनको लाभ होगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा । धन्यवाद ।